तथ्य पत्रक

HINDI | हिन्दी

hepatitis australia

# हेपेटाइटिस बी के लिए एक गाइड (मार्गदर्शिका): परीक्षण, उपचार और स्वस्थ रहना

## यह मार्गदर्शिका आपके लिए है यदि आपको:
## • हेपेटाइटिस बी है
## • हेपेटाइटिस बी होने की अधिक संभावना है

**यह मार्गदर्शिका आपको हेपेटाइटिस बी के लिए परीक्षण कराने में मदद करेगी। यह आपको स्थायी (जीवनभर के) हेपेटाइटिस बी के साथ अच्छी तरह से जीने में भी मदद करेगी।**



**स्थायी हेपेटाइटिस बी के साथ जीवन जीने वाले 3 में से 1 व्यक्ति को पता नहीं है कि वे इस रोग से ग्रस्त हैं**



**दवा लिए बिना या जांच कराए बिना, स्थायी हेपेटाइटिस बी वाले 4 में से 1 व्यक्ति की मृत्यु हो जाएगी। यह लिवर (यकृत) कैंसर या लिवर के काम करना बंद करने के कारण हो सकता है**




**शोध से पता चलता है कि स्थायी हेपेटाइटिस बी के लिए दवा लेने से आपको लिवर कैंसर होने की संभावना 50% कम हो सकती है**




**आप वैक्सीन लगवाकर हेपेटाइटिस बी से अपना बचाव कर सकते/ती हैं**

# 1. पता लगाएँ कि क्या आपको हेपेटाइटिस बी का परीक्षण करवाना चाहिए

## लोगों के इन समूहों को हेपेटाइटिस बी के लिए परीक्षण करवाना चाहिए:

- परिवार, जीवनसाथी (पार्टनर) और वे लोग जो हेपेटाइटिस बी से ग्रस्त किसी व्यक्ति के साथ रहते हैं
- वे लोग जिनका जन्म नीचे दिए गए नक्शे में नारंगी रंग के क्षेत्रों में से किसी एक में हुआ हो
- एबोरिजनल (आदिवासी) या टोरेस स्ट्रेट आइलैंडर लोग
- गर्भवती महिलाएं
- नौ महीने की अधिक आयु के शिशु और बच्चे जिन्हें जन्म देने वाली माँ हेपेटाइटिस बी से ग्रस्त हो
- वे लोग जो कैंसर की दवा, इम्यूनोसप्रेसिव दवा का प्रयोग करने वाले हैं या जो डायलिसिस करवाने वाले हैं
- स्वास्थ्य पेशेवर जो एक्सपोज़र-प्रोन (संपर्क में आने के खतरे वाली) कार्यविधियाँ करते हैं
- सशस्त्र बलों (आर्मी आदि) के सदस्य
- जिन लोगों को एचआईवी या हेपेटाइटिस सी है
- वे लोग जिनके एक से अधिक यौन पार्टनर होते हैं और जिन्होंने टीका नहीं लगवाया है
- वे लोग जिन्होंने कभी सुई के साथ ड्रग्स का प्रयोग किया है
- जो लोग जो कभी जेल गए हैं
- पुरुषों के साथ यौन संबंध रखने वाले पुरुष
- यौनकर्मी
- कुछ लोग जिनमें लिवर को नुकसान होने के लक्षण हैं
- लिवर की बीमारी या लिवर (यकृत) कैंसर के किसी प्रकार की फैमिली हिस्ट्री वाले लोग

## हेपेटाइटिस बी के मध्यम से उच्च प्रसार वाले क्षेत्र



**नारंगी छायांकित देशों में पैदा हुए लोगों को हेपेटाइटिस बी के लिए परीक्षण करवाना चाहिए**

## 2. हेपेटाइटिस बी परीक्षण के लिए अपने डॉक्टर से पूछें

हेपेटाइटिस बी परीक्षण सामान्य रक्त परीक्षण का हिस्सा नहीं होते हैं - आपको इसके लिए निवेदन करना होगा। आपका डॉक्टर आपको बता सकता है कि क्या आपने पहले हेपेटाइटिस बी परीक्षण करवाया है। आपका डॉक्टर (जीपी) रक्त परीक्षण करेगा। इससे उन्हें पता लगेगा कि क्या आपको हेपेटाइटिस बी है। यदि आपको यह नहीं है, तो परीक्षण से उन्हें यह भी पता लगेगा कि क्या आप इम्युन (प्रतिरक्षित) हैं।



हेपेटाइटिस बी के लिए कई प्रकार के परीक्षण हैं। आप अपने डॉक्टर को इस संसाधन (टूल) के बारे में बता सकते/ती हैं ताकि उन्हें आपके लिए सही परीक्षण खोजने में मदद मिल सके: https://ashm.org.au/products/product/1976963402

### दुभाषिया सेवाएँ

यदि आपको अपने डॉक्टर से बात करने में सहायता की आवश्यकता है, तो आप डॉक्टर के साथ अपनी मुलाकात के लिए एक दुभाषिए के आने की व्यवस्था कर सकते/ती हैं। वे फोन पर भी अनुवाद कर सकते हैं। यह TIS (Translating and Interpreting Service, अनुवाद एवं दुभाषिया सेवा) National के माध्यम से एक निःशुल्क सेवा है। अपनी बुकिंग करते समय आपको डॉक्टर के क्लिनिक को बताना चाहिए कि आपको दुभाषिए की आवश्यकता होगी।

जब आप डॉक्टर को दिखा रहे/ही हों तो परिवार के सदस्यों और दोस्तों का वहाँ उपस्थित होना समर्थन के लिए अच्छा होता है। लेकिन एक पेशेवर दुभाषिए की सेवा लेना एक अच्छा विचार है। अपने स्वास्थ्य के बारे में चुनावों का करना कठिन हो सकता है। इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि आप सब कुछ समझने में सक्षम हों। यह आपके लिए सबसे अच्छा विकल्प बनाने में मदद कर सकता है। TIS National दुभाषिए पेशेवर हैं और उनके पास जटिल जानकारी से जुड़ा बहुत अनुभव होता है।

वेबसाइट: www.tisnational.gov.au

स्थानीय कॉल की लागत के लिए फोन पर दुभाषिया सेवा प्राप्त करने के लिए 131 450 पर फोन करें।

# 3. अपने परीक्षण परिणाम प्राप्त करें।

हेपेटाइटिस बी परीक्षण चार परिणामों में से एक परिणाम दिखा सकता है।

**परीक्षण के परिणाम**

## नेगेटिव
### इम्युन (प्रतिरक्षा)

आप हेपेटाइटिस बी से प्रतिरक्षित हैं और **आपको यह नहीं हो सकता है।**

## नेगेटिव
### नॉट इम्युन (प्रतिरक्षा नहीं)

आपको कभी हेपेटाइटिस बी नहीं हुआ है और न ही कभी टीका लगा है। **आप अपने डॉक्टर से वैक्सीन लगवाने के बारे में पूछ सकते/ती हैं।** यह आपको भविष्य में इससे ग्रस्त होने से बचाएगा।

## साफ
### प्रतिरक्षा (क्लीयर्ड इम्युन)

आपको अतीत में हेपेटाइटिस बी हुआ है, लेकिन आपके शरीर ने इससे छुटकारा पा लिया है। **आपको अपने परिवार, जीवनसाथी (पार्टनर) और उन लोगों को बताने के बारे में सोचना चाहिए जिनके साथ आप रहते/ती हैं ताकि वे परीक्षण करवा सकें।** यदि आप उन्हें बताने को लेकर चिंतित हैं, तो आपका डॉक्टर यह कर सकता है। या आप letthemknow.org.au/ पर संसाधनों का उपयोग कर सकते/ती हैं

कभी-कभी जिन लोगों को पहले कभी हेपेटाइटिस बी था, वे फिर से बीमार हो सकते हैं। हम इसे फ्लेयर अप होना कहते हैं। यह तब हो सकता है जब आप कैंसर की दवा या कोई अन्य दवा लेते/ती हैं जो आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली को कमजोर करती है।

## पॉज़िटीव

रक्त परीक्षण डॉक्टर को यह फैसला लेने में मदद कर सकता है कि आपको एक्यूट (तीव्र) हेपेटाइटिस है या स्थायी हेपेटाइटिस है। क्रोनिक (स्थायी) का अर्थ है कि यह आपके साथ जीवन भर रहेगा। लेकिन ऐसी चीजें हैं जो स्वस्थ रहने में मदद के लिए आप कर सकते/ती हैं।

**हेपेटाइटिस बी से निम्नलिखित हो सकता है**

- सिरोसिस (गंभीर लिवर घाव)
- जिगर (लिवर) की बीमारी
- लिवर (यकृत) कैंसर

स्थायी हेपेटाइटिस बी का कोई इलाज नहीं है। लेकिन आप लिवर को होने वाले नुकसान की गति को धीमा करने या यहाँ तक कि रोकने के लिए दवा ले सकते/ती हैं। दवा लेने से आपको लिवर की बीमारी होने की संभावना भी कम हो सकती है।

यदि आप कुछ समय पहले वायरस के संपर्क में आए थे/आई थी, तो आपको छह महीने बाद फिर से परीक्षण करवाना होगा। यह दिखाएगा कि क्या आपका हेपेटाइटिस बी स्थायी हो गया है।


परिवार, जीवनसाथियों (पार्टनरों) और उन लोगों का परीक्षण करें जिनके साथ आप रहते/ती हैं


स्वस्थ भोजन खाएं, व्यायाम करें और शराब तथा सिगरेट का सेवन कम करें


लिवर का परीक्षण (टेस्ट) करवाएँ


हर 6 से 12 महीने में अपने डॉक्टर को दिखाएँ


जरूरत पड़ने पर इलाज कराएँ

यदि आप वायरस के संपर्क में आए/ई हैं और आप इम्युन (प्रतिरक्षित) नहीं हैं, तो आप हेपेटाइटिस बी इम्युनोग्लोबुलिन का इंजेक्शन लगवा सकते/ती हैं। यह एक ऐसी दवा है जिससे आपको हेपेटाइटिस बी होने की संभावना कम हो जाती है। आपको वायरस के संपर्क में आने के 72 घंटों के भीतर इसे लेना होगा। आप इस दवा को निम्नलिखित से प्राप्त कर सकते/ती हैं:



**आपका स्थानीय डॉक्टर**



**परिवार नियोजन क्लिनिक**



**यौन स्वास्थ्य क्लिनिक**



**स्थानीय सरकारी अस्पताल**

आप इस मुलाकात के दौरान डॉक्टर से हेपेटाइटिस बी के टीके के बारे में भी पूछ सकते/ती हैं।

# 4. लिवर टेस्ट करवाएं

## आपके डॉक्टर को यह जांचने के लिए कुछ परीक्षण करने की आवश्यकता होगी कि आपका लिवर कितनी अच्छी तरह काम कर रहा है।



वे लिवर (यकृत) कैंसर की भी जांच करेंगे। इसका अर्थ है कि आपके रक्त परीक्षण होंगे। आपका अल्ट्रासाउंड या फाइब्रोस्कैन भी हो सकता है। अल्ट्रासाउंड और फाइब्रोस्कैन दर्द रहित होते हैं। अल्ट्रासाउंड डॉक्टर को यह देखने देता है कि क्या लिवर में कोई नुकसान हुआ है। फाइब्रोस्कैन कंपन का उपयोग यह देखने के लिए करता है कि लिवर कितना कठोर है।

इससे आपके डॉक्टर को यह फैसला लेने में मदद मिलेगी कि क्या आपको दवा लेना शुरू करने की आवश्यकता है या नहीं।

## 5. परिवार के सदस्यों, जीवनसाथियों (पार्टनरों) और उन लोगों का परीक्षण करें जिनके साथ आप रहते/ती हैं

हेपेटाइटिस बी के फैलने का सबसे आम तरीका माँ से बच्चे में इसका जाना है। यह रक्त से रक्त के संपर्क या कंडोम के बिना सेक्स के माध्यम से भी फैलता है। आपको अपने परिवार, जीवनसाथियों (पार्टनरों) और उन लोगों को यह बताने के बारे में सोचना चाहिए जिनके साथ आप रहते/ती हैं कि आपको हेपेटाइटिस बी है। ऐसा इसलिए है ताकि वे परीक्षण करवा सकें और टीका लगवाकर अपनी रक्षा कर सकें।

हेपेटाइटिस बी होने का यह अर्थ नहीं है कि आप माँ-बाप नहीं बन सकती/ते हैं। आप अभी भी अपने परिवार और दोस्तों के साथ मिल बाँट कर भोजन खाने जैसे काम कर सकते/ती हैं। आपके परिवार और दोस्तों के लिए अपनी रक्षा करने का सबसे अच्छा तरीका वैक्सीन लगवाना है।

यदि आप उन्हें बताने को लेकर चिंतित हैं तो आपका डॉक्टर उन्हें बता सकता है। आपको हेपेटाइटिस बी है, लोगों को यह बताने के बारे में और अधिक जानें।

आपको निम्नलिखित माध्यमों से हेपेटाइटिस बी **नहीं हो सकता है**:



**गले लगने या चुंबन करने से**

**भोजन और खाने के बर्तन साझा करने से**

**हेप बी से ग्रस्त किसी व्यक्ति द्वारा बनाया गया भोजन खाने से**

**मच्छरों सहित, कीट या जानवर के काटने से**

**बाथरूम, शॉवर या शौचालय साझा करने से**

**खांसने या छींकने से**

माँ से बच्चे में हेपेटाइटिस बी को फैलने से रोकने के तरीके हैं। जब बच्चा पैदा हो तो उसे दो इंजेक्शन लगाने चाहिए। आपके शिशु को पहला इंजेक्शन 12 घंटों के भीतर दिया जाता है। एक इंजेक्शन में इम्युनोग्लोबुलिन होता है। ये एंटीबॉडी होती हैं जो शरीर को वायरस से लड़ने में मदद करती हैं। दूसरा इंजेक्शन शिशु का पहला हेपेटाइटिस बी टीकाकरण होता है। सभी शिशुओं को यह टीका लगाया जाता है, भले ही उनकी माँ को हेपेटाइटिस बी न हो। उन्हें अगले 6 महीनों में भी हेपेटाइटिस बी के टीके लगेंगे। साथ मिलकर यह शिशु को वायरस से बचा सकता है।

हेपेटाइटिस बी के लिए उपचार करवाने से आपके शिशु को हेपेटाइटिस बी होने की संभावना भी कम हो जाती है। जब आप गर्भवती हों तो ऐसा करना सुरक्षित है।

# 6. स्वस्थ भोजन खाएं, व्यायाम करें, कम एल्कोहॉल पीएं और धूम्रपान बंद करें

निम्नलिखित काम करके अपने शरीर की देखभाल करना एक अच्छा विचार है:



**स्वस्थ भोजन खाना**



**व्यायाम करना**



**कम मात्रा में शराब पीना (शराब बिल्कुल भी न पीना सबसे अच्छा है)**



**धूम्रपान नहीं करना**

शराब, सिगरेट तथा ज़रूरत से अधिक वजन होना आपके लिवर को नुकसान पहुंचा सकता है। यह बुरा हो सकता है क्योंकि हेपेटाइटिस बी भी आपके लिवर को नुकसान पहुंचा सकता है। यदि आपको स्वास्थ्य के लिए हितकर परिवर्तन करने में सहायता की आवश्यकता है तो अपने डॉक्टर से बात करें। आप इनमें से किसी एक सहायता सेवाओं का भी उपयोग कर सकते/ती हैं:

- **कम शराब पीना:** adf.org.au/help-support/
- **धूम्रपान छोड़ना (क्विटलाइन): 13 78 48**

# 7. हर बारह महीने में अपने डॉक्टर से मिलें

कम से कम हर बारह महीने में अपने डॉक्टर के पास जाना एक अच्छा विचार है। आपका डॉक्टर आपको और अधिक बार आने के लिए भी कह सकता है।

हेपेटाइटिस बी से ग्रस्त लोग अक्सर अच्छा महसूस करते हैं। यदि आप बीमार महसूस होने तक प्रतीक्षा करते/ती हैं, तो हो सकता है कि आपके लिवर को पहले से ही नुकसान हो चुका हो। हो सकता है कि यह नुकसान दूर न हो। जानने का एकमात्र तरीका यह है कि आप अपने लिवर की जांच करवाते रहें।

यदि वायरस आपके लिवर को नुकसान पहुंचाना शुरू कर देता है, तो ऐसी दवाएं हैं जिन्हें आप अपने स्वास्थ्य का प्रबंधन करने के लिए ले सकते/ती हैं। यह लिवर को होने वाले नुकसान की गति को धीमा कर सकता है और आपको लिवर की बीमारी होने की संभावना को कम कर सकता है।

जब आप दवा लेना शुरू करते/ती हैं तो आपको अपने डॉक्टर से और अधिक बार मिलने की आवश्यकता हो सकती है।



**क्या आपको पता है?**

लिवर में दर्द महसूस करने वाली कोई तंत्रिका नहीं होती है। लेकिन लिवर में खिंचाव होने पर आपको दर्द महसूस हो सकता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि लिवर के चारों ओर टिश्यू (ऊतक) का एक बैग होता है जो दर्द महसूस कर सकता है। आंशिक रूप से इसलिए हो सकता है कि आप तब तक बीमार महसूस न करें जब तक कि आपके लिवर को गंभीर रूप से नुकसान न पहुँचे।

# 8. जरूरत पड़ने पर दवा लें

हेपेटाइटिस बी वाले सभी लोगों को दवा लेने की आवश्यकता नहीं है। ऐसा इसलिए है क्योंकि वायरस विभिन्न चरणों से गुजरता है।



कुछ चरणों के दौरान, वायरस बहुत सक्रिय हो सकता है और आपके लिवर को नुकसान पहुंचा सकता है। जब आप लिवर की जांच के लिए अपने डॉक्टर के पास जाते/ती हैं, तो वे रक्त परीक्षण करेंगे। परीक्षणों से उन्हें पता लगेगा कि वायरस कितना सक्रिय है। इससे उन्हें यह फैसला लेने में मदद मिलेगी कि क्या आपको दवा लेने की आवश्यकता है या नहीं। यह ध्यान रखना उपयोगी हो सकता है कि हेपेटाइटिस बी के चरण हमेशा क्रम में नहीं चलते हैं।

**चरणों को संदर्भित करने के लिए आपका डॉक्टर विभिन्न शब्दों का उपयोग कर सकता है।**

| | | | |
|---|---|---|---|
| **साइलेंट (चुप-चाप)** | चरण 1 | **इम्युन टॉलरेंस (प्रतिरक्षा सहनशीलता)** | हेपेटाइटिस बी वायरस गुणा होकर बढ़ रहा है लेकिन आमतौर पर लिवर को कोई सक्रिय नुकसान नहीं है। जिन लोगों का हेपेटाइटिस बी इस चरण में है, उन्हें हर 6 से 12 महीने में जांच करवानी चाहिए। यदि आप इस चरण में हैं तो आपकी इसे दूसरों तक फैलाने की बहुत संभावना होती है। |
| **नुक़सान** | चरण 2 | **इम्युन क्लीयरेंस (प्रतिरक्षा निकासी)** | हेपेटाइटिस बी वायरस प्रतिरक्षा प्रणाली पर हमला कर रहा है और प्रणाली वापस लड़ रही है। लिवर को नुकसान हो रहा है। घाव होने, सिरोसिस और लिवर कैंसर होने की और अधिक संभावना। आपको एक विशेषज्ञ को देखना चाहिए क्योंकि आपको दवा की आवश्यकता हो सकती है। |
| **नियंत्रण** | चरण 3 | **प्रतिरक्षा नियंत्रण** | प्रतिरक्षा प्रणाली ने वायरस को नियंत्रण में रखा है तथा लिवर को आगे और नुकसान नहीं होता है। जिन लोगों का हेपेटाइटिस बी इस चरण में है, उन्हें हर 6 से 12 महीने में जांच करानी चाहिए। |
| **बच निकलना** | चरण 4 | **प्रतिरक्षा से बच निकलना** | वायरस फिर से सक्रिय है और लिवर को नुकसान पहुँचा रहा है। घाव होने, सिरोसिस और लिवर कैंसर होने की और अधिक संभावना। आपको एक विशेषज्ञ को देखना चाहिए क्योंकि आपको दवा की आवश्यकता हो सकती है। |

हेपेटाइटिस बी के इलाज के लिए सबसे आम दवाएँ एंटीवायरल गोलियां हैं। आप इन्हें अपने डॉक्टर के बताए तरीके के अनुसार लम्बी अवधि के लिए हर रोज़ लेते/ती हैं।

कभी-कभी आप अपने जीपी (जनरल प्रेक्टिशनर) से हेपेटाइटिस बी की दवा प्राप्त करने में सक्षम हो सकते/ती हैं। लेकिन अन्य अवसरों पर आपको लिवर विशेषज्ञ को दिखाने की आवश्यकता हो सकती है।

# संपर्क में रहने के लिए उपयोगी सेवाएं

### राष्ट्रीय हेपेटाइटिस सूचनालाइन: 1800 437 222

राष्ट्रीय हेपेटाइटिस सूचनालाइन आपको अपने राज्य या राज्य-क्षेत्र में समुदाय-आधारित हेपेटाइटिस संगठन की ओर निर्देशित करता है। आपकी कॉल लेने वाले लोग उन संगठनों से हैं जो हेपेटाइटिस ऑस्ट्रेलिया के सदस्य हैं। वे स्थानीय समुदायों में सहायता देते हैं और मैत्रीपूर्ण तथा निजी सहायता प्रदान करते हैं। आप www.hepatitisaustralia.com/local-hepatitis-organisations वेबसाइट पर हेपेटाइटिस संगठनों के लिए संपर्क विवरण का पता लगा सकते/ती हैं

### अनुवाद और दुभाषिया सेवा (TIS) नेशनल: 13 14 50

यदि आपको अंग्रेजी समझने में कठिनाई होती है, तो आप TIS नेशनल से संपर्क कर सकते/ती हैं। वे आपको आपकी भाषा में जानकारी दे सकते हैं। यह ऐसे अधिकांश लोगों के लिए नि:शुल्क है जो अच्छे से अंग्रेज़ी नहीं बोलते हैं।

और अधिक जानकारी के लिए आप TIS नेशनल की वेबसाइट पर जा सकते/ती हैं: www.tisnational.gov.au

### एल्कोहॉल एंड ड्रग फाउंडेशन

यदि आपको एल्कोहॉल या अन्य नशीले पदार्थों का उपयोग धीमा या बंद करने में सहायता की आवश्यकता है, तो एल्कोहॉल एंड ड्रग फाउंडेशन की वेबसाइट पर सहायता सेवाओं की एक सूची है: adf.org.au/help-support/

### क्विटलाइन (Quitline) 13 78 48

क्विटलाइन एक टेलीफोन सलाह और सूचना सेवा है जो गोपनीय है। यह लोगों को धूम्रपान छोड़ने में मदद करती है। आप https://www.quit.org.au/ पर भी जा सकते/ती हैं।

### बियॉन्ड ब्लू (Beyond Blue) 1300 224 636

जब आपको यह बताया जाए कि आपको कोई स्वास्थ्य समस्या है तो यह तनावपूर्ण हो सकता है और यह चिंता और अवसाद की भावनाओं को जन्म दे सकता है। बियॉन्ड ब्लू आपको आपके मानसिक स्वास्थ्य के लिए जानकारी और सहायता दे सकता है। उनकी वेबसाइट पर एक चैट सेवा भी है: beyondblue.org.au

### HepBcommunity.org

HepBcommunity.org हेपेटाइटिस बी वाले लोगों के लिए एक ऑनलाइन चर्चा क्षेत्र है। यह हेपेटाइटिस बी के साथ जीवन जीने वाले लोगों को वैज्ञानिकों और डॉक्टरों से जोड़ता है।

### हेप फ़ोरम

हेप फोरम हेपेटाइटिस बी, सी या सह-संक्रमण वाले लोगों के लिए एक ऑनलाइन चर्चा क्षेत्र है। यह उनके दोस्तों और परिवार के लिए भी है, और उन लोगों के लिए भी है जिनके पास हेपेटाइटिस और लिवर स्वास्थ्य से जुड़े सवाल हैं। फ़ोरम खोजने के लिए https://forums.hepmag.com/ पर जाएँ

---

NATIONAL HEPATITIS INFOLINE
1800 437 222

### और अधिक जानकारी

आप www.hepatitisaustralia.com/rights-and-responsibilities पर और अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते/ती हैं


संदर्भ
हेपेटाइटिस बी और प्राथमिक देखभाल प्रदाता, ASHM
HBV परीक्षण के लिए संकेत, ASHM
हेपेटाइटिस बी परीक्षण, Hepatitis NSW
TIS नेशनल, गृह मामलों का विभाग (Department of Home Affairs)
हेपेटाइटिस बी क्या है?, सब सही है
हेपेटाइटिस के साथ रहना, हेपेटाइटिस Qld
प्राकृतिक उपचार और हेपेटाइटिस बी, hepmag
लिवर दर्द की चिकित्सीय परिभाषा, MedicineNet
नया HBV रोग-निदान - अब क्या? हेप बी सहायता



यह संसाधन केवल सामान्य जानकारी के लिए प्रदान किया जाता है और इसका प्रयोजन कानूनी या चिकित्सीय सलाह का स्थान लेना नहीं है। हम आपको यहाँ दी गई जानकारी के आधार पर किन्हीं भी निर्णयों को लेने से पहले स्वतंत्र सलाह लेने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।


hepatitis australia